Challenges of Modernization in India and the Youth

CC&PC Hknahan 25 Feb, 2023

आज दिनांक 25 फरवरी 2023 को राजकीय महाविद्यालय सराहां में NSS unit, Career Counseling and Guidance cell तथा नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता एवं Career Guidance पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मशाला के रहने वाले retired Professor Dr. B. P. Badola रहे। उन्होंने रिबन काटकर व सरस्वती माता के चरणों में द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महाविद्यालय सराहां के स्वयंसेवियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। नेहरू युवा केंद्र से पधारे कार्यक्रम अधिकारी श्री सुरेंद्र शर्मा व स्थानीय महाविद्यालय प्राचार्य श्री हेमंत कुमार द्वारा उन्हें हिमाचली टोपी और शाल पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्राचार्य श्री हेमंत कुमार द्वारा उनका स्वागत किया गया तथा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात Dr. B. P. Badola द्वारा "A Discourse on the Roots of Knowledge" and "Challenges of Modernization in India and the Youth". (१.) ज्ञान के मूलों की विवेचना (२). भारत में आधुनिकीकरण की चुनौतियां और युवावर्ग" तथा "Youth and Career" विषयों पर वक्तव्य पेश किया गया।उन्होंने बताया कि ज्ञान हेतु हमें यथार्थ को जानना आवश्यक है और यथार्थ को जानने के लिए चार आधारभूत तत्वों Matter, Mind, Time and Space को समझना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यार्थियों से वार्तालाप करते हुए भारत में आधुनिकीकरण की चुनौतियों पर अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि भारत अभी भी रूढ़िवादिता के दौर से गुजर रहा है तथा आधुनिकीकरण हेतु इस रूढ़िवादिता को खत्म करना आवश्यक है। युवा वर्ग इस रूढ़िवादिता को दूर कर आधुनिक समाज का निर्माण कर सकते हैं और उनके समक्ष यह चुनौती भी है कि वह किस तरह भारत को सही मायने में आधुनिकता की तरफ ले जाए। वक्तव्य के अंत में उन्होंने युवा वर्ग और उनकी कैरियर से जुड़े विषयों पर अपना वक्तव्य सांझा किया। तत्पश्चात नेहरू युवा केंद्र की तरफ से सभी को जल जीवन मिशन पर एक शपथ दिलाई गई। इसके बाद नेहरू युवा केंद्र के कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र शर्मा द्वारा प्राचार्य महोदय को स्मृति चिन्ह और टोपी भेंट की गई। अंत में कार्यक्रम अधिकारी ने मुख्य अतिथि, महाविद्यालय प्राचार्य , स्टाफ व विद्यार्थियों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।